वीयू – मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय मे रक्त दान शिविर का आयोजन

आज दिनांक 13 दिसंबर 2024 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डॉ. एस के महाजन जी के दिशानिर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमें मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के स्वयं सेवकों, छात्र–छात्राओं सहित वेटनरी महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने उत्साह एवम् स्वेक्षिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं 18 यूनिट रक्तदान किया, कार्यक्रम में कुलपति प्रो मनदीप शर्मा जी के मुख्य अतिथि तथा कुलसचिव डॉ. एस.के. जोशी, जी विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित रहे, प्रो मनदीप शर्मा जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की थैलीसीमिया, एनीमिया, प्रसव, शल्य चिकित्सा एवम् आकस्मिक चिकित्सा जैसी स्थिति के दौरान उचित समय पर रक्त की उपलब्धता न होने से मरीजों की असामयिक मौत हो जाती है, ऐसी स्थिति उचित समूह का रक्त उपलब्ध होना जीवन दान के समान हो जाता है रक्तदान करके हम सामाजिक सेवा के साथ साथ स्वयं को भी अभिप्रेरित करते हैं, रक्तदान वर्तमान समय में महादान है जिसे चिकित्सकीय देखरेख में विभिन्न आयुवर्ग एवम् वजन के लोग प्रत्येक तिमाही में आसानी से कर सकते हैं, ब्लड कलेक्शन हेतु सेठ गोविन्द दास जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया हॉस्पिटल) जबलपुर से पैथालॉजिस्ट डॉ. अमितोश भल्ला एवं टीम

उपस्थित रही। इस दौरान रक्तदाताओं की काउंसलिंग, रक्त समूह एवं हीमोग्लोबिन की जांच, रक्तदान उपरांत पोषक स्वल्पाहार, प्रोत्साहन उपहार भी वितरित किया गया,कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डा एस के महाजन की अध्यक्षता में , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डा सोना दुबे के संचालन में, डॉ रामकिंकर मिश्र, डॉ गिरिराज गोयल, डॉ अनिल शिंदे एवं, एच डी एफ सी बैंक से लिजु जोसेफ ब्रांच ऑपरेशनल मैनेजर, जसविंदर सिंह सीनियर मैनेजर की उपस्थिति में किया गया, कार्यक्रम के समापन में रक्तदान करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित प्राध्यपकगण, श्री शिवमोहन सिंह एवम् टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, सत्येंद्र कटारा, शांभवी सेवड़े अक्षय गौतम, सौम्या राय आदि छात्रो तथा महाविद्यालय कर्मचारी वर्ग का विशेष सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर